राज्यपाल सचिवालय
राजभवन , जयपुर

राज्यपाल की श्री राजेन्द्र सहित जवानों की शहादत पर शोक संवेदना

जयपुर, 14 नवम्बर । राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने मणिपुर में उग्रवादी हमले में बांदीकुई के जवान श्री राजेन्द्र प्रसाद मीणा एवं कर्नल विप्लव त्रिपाठी सहित सभी जवानों की शहादत पर नमन करते हुए शोक संवेदना व्यक्त की है। राज्यपाल ने कर्नल त्रिपाठी के परिजनों के निधन पर भी दुख प्रकट किया है। उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है

राज्यपाल श्री मिश्र ने ईश्वर से शहीदों की पुण्यात्मा को शांति प्रदान करने और परिजनों को उनके बिछोह का दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।

———